# व्यापारी के गोदाम में मिली 265 बोरी यूरिया

**कृषि अधिकारी ने 125 कृषकों को बांटी खाद**




**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में यूरिया खाद को लेकर हा हा कार मची हुई है और मुनाफाखोर समय की नजाकत देखते हुए किसानों से मनमाने दामों पर खुले आम यूरिया बेंच रहें हैं। किसानों की पीड़ा को देखते हुए समाचार पत्रों के माध्यम से प्रशासन को भी इस विषय को लेकर आगाह भी किया गया है। लेकिन व्यापारियों के हाथ लंबें होने के कारण उचित कार्यवाही भी नहीं हो पाती है।ऐसा ही एक मामला तेंदूखेड़ा के एक व्यापारी की गोदाम में लगभग 265 बोरी यूरिया खाद पकड़ा गया। यह विषय जनप्रतिनिधियों के सामने भी पहुंचा।मौके पर कृषि विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे। लेकिन निर्णय यह लिया गया कि यह खाद्य किसानों को ही निर्धारित दर पर ही सार्वजनिक रूप से वितरित किया जाये। चूंकि किसानों को अभी नितांत आवश्यकता है। इसलिए यह निर्णय लिया जा रहा है। दूसरे दिन कृषि अधिकारी बी एम साहू ने क्षेत्र के सभी किसानों को बुलाकर प्रत्येक किसान को दो बोरी के हिसाब से वितरित कर दिया गया। एवं भरोसा दिलाया है कि एक दो दिन में फिर से रैक लगने वाली है निश्चित तौर पर प्रत्येक सोसायटी में खाद पहुंच रही है।सभी को यूरिया डीएपी खाद मिलेगा और यदि किसी भी व्यापारी के यहां इस तरह का खाद जमाखोरी कर निर्धारित मूल्य से अधिक दामों पर नहीं बेचा जा रहा है अधिक दाम वसूले जा रहे हैं तो उसकी लिखित शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। वहीं क्षेत्रीय किसानों ने भी मांग की है कि ऐसे व्यापारियों पर तत्काल प्रभाव से दंडात्मक कार्यवाही की जाये लाइसेंस भी रद्द किया जाए। चूंकि यह एक ही व्यापारी नहीं है और भी ऐसे अनेक व्यापारी हैं जो समय की नजाकत को देखते हुए किसानों का शोषण किया करते हैं।कृषि अधिकारियों को चाहिए कि छापामार शैली में गोदामों का निरीक्षण कर उचित दंडात्मक कार्यवाही की जाये।



## बारहाबड़ा में आधार कैंप प्रारंभ

**गाडरवारा।** शालाओं में आधार अपडेशन हेतु आधार कैंप की श्रृंखला का आयोजन विभिन्न संकुल अंतर्गत किया जा रहा है। इसी के तहत ग्राम बारहाबड़ा के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में 19 अगस्त से आधार केम्प का आयोजन शुरू हो चुका हैं जो 28 अगस्त तक आयोजित होगा। शिविर में ग्राम बारहाबड़ा, ढाना , ढूरसुरु , बारछी , बसुरिया, देवरी,पलेरा,एवं बैरागढ़ पंचायत के बच्चे आधार अपडेशन एवं नवीन आधार संबंधी कार्य करवा सकते हैं। शिविर में बच्चों की बैठक एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। गत दिवस शिविर का निरीक्षण बी आर सी डी के पटेल एवं बीएसी अरुण दुबे के द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने आधार कैंप की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आधार कैंप आयोजन की व्यवस्थाओं में नीलेश जैन प्रभारी प्राचार्य बारहाबड़ा अहम योगदान दे रहे है। कैंप में निर्धारित दिनांक अनुसार शालाओं के बच्चों को आने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

**संक्रमण** | अस्पतालों में लगी लंबी-लंबी कतारें

# मौसमी बीमारियों ने पसारे पैर

**नरसिंहपुर /तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों सर्दी-जुकाम बुखार ने अपने पैर पसार रखे हैं। हर घर में एक से दो मरीज बिस्तरों पर पड़े हुए हैं। वहीं सरकारी अस्पतालों में मरीजों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही है। डाक्टरों की टीम उपचार कर आवश्यक सलाह भी दे रहें हैं। हाल ही में लगातार वारिस के चलते बरसात का पानी जहां तहां भर गया है।

यही बरसात का पानी जलस्त्रोतों में पहुंचता है।जिसे हम हम हेंडपंपो के माध्यम से पीने के उपयोग में लेते हैं। शुरुआत का यह दूषित पानी हमारे लिए पीड़ा दायक हो जाता है। बहुत सी बीमारियां केवल पानी से ही उत्पन्न होती है। इसलिए हमें पानी को उबालकर छानकर या आरो का पानी उपयोग में लेना चाहिए। बरसात के दिनों में अक्सर कर पेट दर्द आंव पेचिस उल्टी-दस्त के मरीज अधिकांशत: अस्पतालों में देखने को मिला करतें हैं। छोटी-छोटी सी बातों को ध्यान में रखकर यदि सुधार हो जाता है तो हम विभिन्न प्रकार की व्याधियों से बच सकते हैं।




### दूषित पानी की बहुत ज्यादा समस्या

ब्लाक मेडीकल आफीसर डा राजकिशोर पटेल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में दूषित पानी की बहुत ज्यादा समस्या बढ़ जाती है।जल स्त्रोतों के आस पास जमा होने फिर वही पानी रिचार्ज वापिस आने उसी को पीने से समस्या बनती है।



### साफ सफाई रखें

लोगों को चाहिए कि पानी को उबालकर छानकर या आरो का पानी पियें । आस पास साफ सफाई रखें। भोज्यपदार्थ सामग्री को ढककर रखें। चाट नाश्ता की दुकानों पर सामग्री को ढक कर रखनी चाहिए मक्खियों को बिल्कुल बैठने ना दें।ऐसी स्थिति में संक्रामक बीमारियों को बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है।सर्दी खांसी-जुकाम बुखार सब यहीं से शुरू होता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा दामोदर जाटव का कहना है । कि बरसात के दिनों में अक्सर कर जल भराव की स्थिति सामने देखने को मिला करती है।जल भराव से मच्छर पनपते हैं। जिनसे मलेरिया और डेंगू जैसे मच्छर बढ़ते हैं।इनके काटने से डेंगू और मलेरिया बुखार बढ़ने की समस्या बढ़ जाती है।इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। तत्काल समीप के अस्पताल में जांच करानी चाहिए। और समुचित इलाज लेना चाहिए।



## गाडरवारा में होगी राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता

**गाडरवारा।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह के प्रयासों से नगर गाडरवारा में इस वर्ष भी राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय मप्र द्वारा जारी पत्रानुसार अंडर 19 राज्य स्तरीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता बालक /बालिका वर्ग 13 से 17 अक्टूबर तक नगर गाडरवारा में आयोजित की जाएगी। इसके एक माह बाद स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा जारी पत्रानुसार राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता अंडर 19 बालक / बालिका वर्ग 13 से 17 नवंबर तक गाडरवारा में ही आयोजित की जाएगी। उल्लेखनीय हैं कि गत वर्ष भी मंत्री श्री सिंह के प्रयासों से राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय शालेय कब्बडी प्रतियोगिता का सफल आयोजन गाडरवारा के रूद्र मैदान

# साप्ताहिक बाजार से जाम की समस्या



**साईखेड़ा।** में हर बुधवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार नगर वासियों और ग्रामीणों की जरूरतें पूरी करने का एक बड़ा माध्यम है। आसपास के दर्जनों गांवों से लोग यहां खरीदारी करने आते हैं, लेकिन इसकी अव्यवस्था अब बड़ी समस्या बन चुकी है।

स्टेट हाईवे 44 पर बाजार और वाहनों के खड़े होने से घंटों लंबा जाम लग जाता है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि अब तक इस साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित करने के लिए न तो शासन-प्रशासन की कोई ठोस योजना बनी और न ही स्थायी स्थल निर्धारित किया गया। बाजार के लिए जमीन चिन्हित न होने से दुकानदार और खरीदार मजबूरी में सड़क किनारे ही अपना-अपना ठेला और वाहन खड़े करते हैं। नतीजतन राहगीर, स्कूली वाहन, एम्बुलेंस और आम नागरिकों को जाम से जूझना पड़ता है। यह सिर्फ असुविधा नहीं, बल्कि संभावित खतरे की भी घंटी है। यदि समय रहते उचित कदम न उठाए गए तो किसी दिन यह लापरवाही किसी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। स्थानीय नागरिक और व्यापारी दोनों ही चाहते हैं कि प्रशासन साप्ताहिक बाजार के लिए स्थायी स्थल तय करे और यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करे। बाजार ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है, लेकिन इसे सुरक्षित और व्यवस्थित करना भी उतना ही जरूरी है। अब सवाल यह है कि कब तक जनता इस समस्या से जूझती रहेगी और शासन-प्रशासन कब साईं खेड़ा में साप्ताहिक बाजार की व्यवस्थित व्यवस्था करेगा ।

# शिक्षा को व्यवसाय नहीं सहयोग की जरूरत

**गाडरवारा।** जहां एक ओरं शिक्षा पूर्णरूप से व्यवसाय को रूप धारण करते हुये देखी जा रही है और इस हाल में अपने मां बाप का सपना बिना किसी शासकीय सहायता व अन्य सहायता प्राप्त किए बगैर बच्चों को मुश्किल होते हुये जान पड़ रहा है। मगर बच्चों के इस सपने को पूरा करने का प्रयास नगर के दो भाईयों द्वारा कियो जा रहा है। बताया जाता हेंि क नगर में संचालित भारत डिजिटल एकेडमी प्रांगण में बीते हुये स्वतंत्रता दिवस के



अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों कोंि नशुल्क कम्प्यूटर वितरण कार्यक्रम का आयोजनं किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा मौजूद रहे। वही अन्य अतिथियों के रूप में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष राव संदीप तथा वार्ड पार्षद श्रीमति पूजा तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थें। इस दौरान उन्होने बच्चों से संवादं कया गया। वही संस्था के संचालक पं हर्षित वैध्य व ऋतिक वैध्य को क्षेत्र के बच्चों को न्यूनतम शुल्क में रोजगार परक शिक्षा एवं कंप्यूटर उपलब्ध कराने के लिए साधुवाद देते हुये कहांि क आपके इन प्रयासों सेंि नश्चित ही निम्न वर्ग के बच्चों को लाभं मिलेगा।

### एक नजर में



## साईखेड़ा में हो रहा पौधरोपण

**साईखेड़ा।** अंतर्गत लगातार पौध रोपण किया जा रहा है जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद गण,तहसीलदार ,मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर परिषद कर्मचारियों की उपस्थिति में नवीन तहसील भवन में पौधरोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष श्रीमती स्वाति अग्रवाल ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण हमारी जरूरत है।



## बच्छ बारस पर गाय बछड़े की पूजा की महिलाओं ने उपवास रखा

**गाडरवारा ।** स्थानीय माहेश्वरी और राजस्थानी समाज की महिलाओं द्वारा सामुहिक रूप से विभिन्न स्थानों पर लोक परम्पराओ के संवर्धन की दिशा में अनेक पावन पर्व मनाये जाते हैं इसी श्रृंखला में आज सभी आयु की महिलाओं ने उत्साह और उमंग के साथ बच्छ बारस पर गाय बछड़े की पुजा की, पूजा उपरांत वरिष्ठ महिलायें बच्छ बारस पर गाय बछड़े की पुजा के प्रसंग और महत्ता से जुडी कहानियां , किंवदंतियों को सुनाती हैं ,इस पर्व को गौवत्स व्दादशी. भी कहा जाता है ,ऐसी मान्यता और परम्परा है कि गाय के साथ बच्छ होता है उसकी पूजा अर्चना भावप्रवण हो महिलाओं द्वारा अपने सुपुत्रो की खुशहाली, समृद्धि, आरोग्यता, आयु वृध्दि, सुख सम्पन्नता के लिए की जाती है , सैकड़ों वर्षो से लगातार चली आ रही परम्परा के संवर्धन की दिशा में इस क्रम को नव पीढी की मातृशक्ति की सहभागिता अनुकरणीय, प्रशंसनीय और अभिनंदनीय है, नगर के अनेक स्थानों पर सुविधानुसार यह कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

## आयुष का किया नीट एग्जाम में अंतिम रूप से चयन

**साईखेड़ा।** बड़े ही हर्ष का विषय है कि आयुष पटेल कुशवाहा जो कि हंसराज पटेल के सुपुत्र हैं 7 आपने 2025 के नीट एग्जाम में अंतिम रूप से चयन पाकर हम सभी को और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है एवं आपको एमबीबीएस यूजी की पढ़ाई के लिए शासकीय मेडिकल कॉलेज के रूप में रतलाम मेडिकल कॉलेज अलाट हुआ है । भविष्य में आप डॉक्टर के रूप में मरीजों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाएंगे ।हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

## जय महाकाल संघ में नये पदाधिकारीयों की घोषणाएं

**जबलपुर।** जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी ने हाल ही में संगठन के विभिन्न आयामों में कई नियुक्तियाँ की हैं। जिसमें शुभांशु त्रिपाठी संभाग अध्यक्ष, धर्माचार्य महासंघ, जितेंद्र कुमार तिवारी बंटी महाराज जिला उपाध्यक्ष, धर्माचार्य महासंघ, निशांक मिश्रा भोपाल जिला उपाध्यक्ष, विद्यार्थी महासंघ, जयराज पिल्ले अध्यक्ष, कैंट विधानसभा पूर्व वीर सैनिक महासंघ, संदीप यादव उपाध्यक्ष, कैंट विधानसभा, एडवोकेट बलराम विश्वकर्मा अध्यक्ष, अधिवक्ता महासंघ, पनागर विधानसभा, शुभ यादव अध्यक्ष, पश्चिम विधानसभा विद्यार्थी महासंघ इन नियुक्तियों के साथ, जय महाकाल संघ अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने और संगठन को मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। नये पदाधिकारीयों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं गई।



## शिविर के माध्यम से बनाये गये 150 लर्निंग परिवहन लाइसेंस

**तेंदूखेड़ा।** गत दिवस विकास खंड चांवरपाठा उत्कृष्ट विद्यालय में जिला परिवहन अधिकारी नरसिंहपुर रवि बरेलिया के मार्गदर्शन में एक दिवसीय निशुल्क लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र की छात्राओं के निशुल्क एवं छात्रों के शुल्क सहित लगभग 150 लर्निंग लाइसेंस बनाए गए । इनमें 30 महिलाओं के निशुल्क तथा 120 पुरुष शुल्क सहित बनाये गये।साथ ही उन्हें यातायात नियम संबंधी विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई । इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी द्वारा छात्र-छात्राओं को राहवीर योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई जिसके तहत बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को यदि प्रथम एक घंटा के अंदर अस्पताल पहुंचाया जाता है ।जिससे घायल की जान बच जाती है । तो शासन द्वारा उन्हें 25 हजार का इनाम प्रदान किया जाता है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को शासन द्वारा डेढ़ लाख रुपए तक का निशुल्क कैशलेस इलाज मुहैया कराया जा रहा है ।इस दौरान नेशनल यूथ अवार्डी शिवम मिश्रा ने छात्रों को कैरियर मार्गदर्शन के बारे में जानकारी दी।

# उद्यम हीनता या आलस्य मनुष्य का सबसे बडा शत्रु




**तेंदूखेड़ा।** दिगम्बर जैन मंदिर तेंदूखेड़ा में आचार्य भगवान विद्यासागर जी महाराज की परम शिष्या एवं आचार्य श्री समय सागर महाराज की आज्ञा से जैन मंदिर प्रांगण में 105 आर्यिका सिद्धांत मति माताजी 105 आर्यिका पुनीत मति माताजी 105 आर्यिका विनय मति माताजी का ससंघ वर्षायोग चल रहा है । इस वर्ष चातुर्मासिक महोत्सव में आबाल बृद्ध सभी श्रद्धालु श्रावक श्राविकायें माता जी के मंगल सानिध्य में अपूर्व धर्म लाभ ले रहे हैं वहीं माताजी के मुखारविंद से प्रतिदिन ज्ञान की गंगा निरंतर प्रवाहित हो रहा है ।राजर्षि आचार्य अमोघवर्ष द्वारा रचित प्रश्नोत्तर मालिका ग्रंथ का प्रतिदिन स्वाध्याय माताजी के मुखारविंद से चल रहा है । धर्म सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए माताजी ने कहा कि इस संसार में सार क्या है ।वैसे तो संसार में सार कुछ भी नहीं है परंतु हमारे आचार्य ऋषियों द्वारा प्रणीत शास्त्रों में वर्णित तत्व का चिंतन मनन स्वाध्याय अध्ययन अध्यापन करना सबसे बड़ा सार है। क्योंकि शास्त्रों के स्वाध्याय से परिणामों में निर्मलता एवं मन मे विशुद्धि आती है ।शराब से भी अधिक मोहित करने वाली जीव को भुलाने वाली वस्तु क्या है। इसका उत्तर प्रश्न उत्तर रत्न मालिका से देते हुए बताया गया है कि आसक्ति पर वस्तुओं के प्रति मोह राग शराब से भी अधिक जीव को संसार में भुलाने वाली है। इस जीव का सबसे बड़ा चोर क्या है।मन और इंद्रियों के विषयों में लीन रहना या मन और इंद्रियों के विषय सबसे बड़ी डाकू या चोर हैं । संसार को बढ़ाने वाली बेल क्या है।तृष्णा संसार को बढ़ाने वाली बेल है क्योंकि तृष्णा की खाई कभी भरती नहीं है । मानव का सबसे बडा शत्रु कौन है। उद्यमहीनता या आलस्य मानव का सबसे बडा शत्रु है।इस लोक में जीवो को सबसे बड़ा भय किससे है।इस लोक में जीव को सबसे अधिक भय मरण से होता है । अंधों से भी बडा अंधा कौन है। अंधों से भी बड़ा अंधा वह व्यक्ति है जो जीवन भर विषय कषायों में डूबा रहता है और आत्म कल्याण की ओर अग्रसर नहीं होता है ।

# ताज कृपा दरबार में उर्स मनाया गया

## ताजुल औलिया की सौ वीं पुण्य तिथि शताब्दी पर विशेष आयोजन



**नरसिंहपुर।** जिले के गाडरवारा नगर में खेरापति मठ और चांदशाह दादा के साथ ही साथ सर्व धर्म समभाव की भावना से ओतप्रोत एक और स्थली स्थानीय ताज कृपा दरबार में प्रतिवर्ष अनुसार वार्षिकोत्सव उर्स प्रभाकर राव डहाके अध्यक्ष ताज दरबार बाकी नागपुर तथा प्रधान मुखिया ताज कृपा दरबार गाडरवारा के मार्गदर्शन में और संस्थापक नासिर मासाब के द्वारा स्थापित परम्परा के अनुसार जनाब अल्लामा कारी इसराईल साहब करेली वाले की उपस्थिति में सुसंपन्न हुआ /उल्लेखनीय है कि भारत में जन्मे पहले सूफी संत ताजुल औलिया की शताब्दी पुण्य तिथि वर्ष है । कार्यक्रम के प्रथम चरण में दरबार क्षेत्र में स्थित सुप्रसिद्ध देव स्थान शिव डमरू घाटी में वैदिक पद्धति से पूजा अर्चना फूल माला, इत्र चंदन महाप्रसाद वितरण दरबारी चरण जनों ने किया ।द्वितीया चरण में संध्या समय नासिर मासाब संस्थापक के द्वारा स्थापित परम्परा के अनुसार उत्साह और उमंग के साथ समकालीन परम हंसी संतो सरकार ताजुल औलिया नागपुर, दादाजी केशवानंद धूनी वाले, शिरडी के साई बाबा, शेगांव के गजानन महाराज, देवी भक्त रामकृष्ण परमहंस सहित देश के बावन प्रमुख संत जनों को फूल माला, सेहरा बंदी, चंदन, अर्पित करने के बाद करेली से पधारे मौलाना कारी साब करेली नै सरकार ताजुल औलिया की शान में गीत गायन पेश करते हुए देश में अमन, चैन, शांति, समृद्धि आरोग्यता के साथ मानवीय मूल्यों के हितार्थ प्रार्थना की गई / अंतिम श्रृंखला में विशाल भंडारे मै दरबारी क्षेत्र के बच्चों के अलावा नगर के सैकड़ों की संख्या श्रद्धालुओं , शुभचिंतकों व सभी वर्गों के लोगों शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की जिसमें प्रमुख रूप से शिवाकांत मिश्रा नगरपालिका अध्यक्ष, मिनेन्द्र डागा, सुरेश श्रीवास्तव, सुरेन्द्र गूजर, खेरापति मठ के प्रमुख विमल गुप्ता, रफीक साब एडवोकेट, लखन पटैल, मनोज पटैल, राजेश शर्मा गुट्टी, किसान नेता पवन पटैल, शिवानंद जी अनुययी परेश शर्मा, यशवंत राव नायक, गिरिराज अग्रवाल जय मोहन शर्मा, संजय पटेल के अलावा सैकड़ों लोगों ने भावप्रवण होकर कार्य क्रम में शामिल होकर शोभा बढाई, वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दरबारी सर्व महेश नेमा, टनटू दादा जी प्रधान अर्चक, अशोक मोलासरिया, सुरेन्द्र सोनी, परषोतम पलोड, हेमन्त परचानी , रूपेश परचानी, विमलेश प्रजापति आमगांव, एम एस मेहरा बडे बाबू रिंकू सोनी पिपरिया, अखिलेश चौरसिया, मोहित सोनी प्रनव पाराशर राहुल सोनी, अशोक झरिया, हरिसिंह कीर , राजकुमार साहु, रामकृष्ण सेन महेंद्र महाराज भटेरा, आदि ने सराहनीय प्रयास किया, सभी सहयोगियों के लिए दरबार ने आभार प्रकट किया है।



## राजीव गांधी की जन्म जयंती मनाई

**तेंदूखेड़ा।** बुधवार को पूर्व विधायक संजय शर्मा ने राजमार्ग कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.श्री राजीव गाँधी की जन्म जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चाँवरपाठा तेंदूखे?ा विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखते हुए स्पष्ट किया कि राजीव गांधी ने भारत में कई महत्वपूर्ण सुधार और पहल की शुरुआत की जिसमें कंप्यूटर और संचार क्रांति को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई ।मताधिकार उन्होंने 21 वर्ष से घटा कर 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार दिलाने के लिए संविधान संशोधन करवाया। नवोदय विद्यालयों की स्थापना की पहल की जो ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किए गए थे। पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कदम उठाए जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण और स्थानीय स्वशासन को बढ़ावा मिला। 1986 में अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद में राम मंदिर के ताले खुलवाने का निर्णय लिया और पूजन की। राजीव गांधी के इन प्रयासों ने भारत के सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य पर गहरा